# अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पथ निर्माण विभाग, पटना द्वारा पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, प0नि0वि0, पटना अन्तर्गत पथों का दिनांक–08.03.2025 को किये गये स्थल निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन।

निरीक्षण के समय उपस्थित पदाधिकारी एवं संवेदक प्रतिनिधि :–

(1) श्री साधु शरण,
अधीक्षण अभियंता,
केन्द्रीय पथ अंचल, प0नि0वि0, पटना।

(2) श्री शशि भूषण सहाय,
कार्यपालक अभियंता,
पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना।

(3) श्री चंद्र शेखर चौधरी,
सहायक अभियंता,
पथ अवर प्रमंडल, बिहटा।

(4) श्री नरेन्द्र कुमार सिंह,
कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिम।

(5) श्री महेश कुमार,
कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिम।

(6) संवेदक प्रतिनिधि।

क्रम सं0–1

(क) कार्य का नाम — **Widening & Strengthening of Lodipur (NH-30, Danapur-Maner-Bihta Road) to Painal (Shiwala Bihta Road) (Length - 10.00 Km) under Patna West Road Division, Patna for the year 2022-23 (Under NABARD)**

1. प्रशासनिक स्वीकृति – विभागीय पत्रांक 1835(एस) पटना दिनांक 27.03.2023
रु0 5240.09 लाख मात्र
2. तकनीकी स्वीकृति – (क) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 1510 अनु0 दिनांक 09.08.2024
रु0 4591.44 लाख मात्र
3. एकरानामा संख्या – 01 SBD/2023-24
4. संवेदक का नाम – Surendra Prasad & Lahri Construction Pvt. Ltd.
5. कार्य प्रारम्भ की तिथि – 05.02.2024
6. कार्य समाप्ति की तिथि – 04.05.2025 (कार्य अवधि 15 माह)
7. एकरारनामा की राशि – 3038.06151 लाख
8. पथ की प्रस्तावित चौड़ाई– 5.50 मी0
9. पथ में कराये जाने वाले कार्य का विवरण

**पथ कार्य –**

| मद | E/W | GSB | WMM | DBM | BC | DLC | PQC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य (कि0मी0) | 9.44 | 9.50 | 6.295 | 6.260 | 6.295 | 3.205 | 3.205 |
| प्रगति (कि0मी0) | 5.00 | 5.00 | 4.000 | ---- | ---- | 0 | 0 |

पुल / पुलिया कार्य –

| मद | Box cell | Drain |
|---|---|---|
| लक्ष्य | 19 Nos. | 5110 m |
| प्रगति | 10 Nos. | 4000 m |

निरीक्षण के क्रम में निम्न तथ्य पाये गये।

(1) पथ में GSB, WMM एवं Drain का कार्य प्रगति में पाया गया।

(2) कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि पैनाल गाँव में ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य को बाधित किया जा रहा है, जिसके लिए अमीन से नापी कर सीमांकन कराया जा रहा है। उक्त पथांश में नाला निर्माण का कार्य Pole Shifting के उपरान्त करने का निदेश दिया गया है।

(3) संवेदक के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी को कराये जा रहे कार्यों को विशिष्टियों के अनुरूप करने का निदेश दिया गया।

क्रम सं0–2

(क) कार्य का नाम – **मनेर (एन0एच0–30, दानापुर – बिहटा – मनेर पथ) से हल्दी छपरा भाया हाथीटोला पथ (कुल लंबाई– 7.17 कि0मी0) में दो अदद उच्चस्तरीय RCC Bridge (3x14.60m) निर्माण सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (नाबार्ड योजना संपोषित) वर्ष 2022–2023**

1. प्रशासनिक स्वीकृति – विभागीय पत्रांक 1835(एस) पटना दिनांक 27.03.2023 रु0 5440.81 लाख मात्र
2. तकनीकी स्वीकृति – (क) मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरुपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 153 अनु0 दिनांक 06.04.2023, रु0 4149.81 लाख मात्र
3. संशोधित तकनीकी स्वीकृति (ख) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 1510 अनु0 दिनांक 09.08.2024 रु0 4591.44 लाख मात्र
4. एकरानामा संख्या – 01 SBD/2023-24
5. संवेदक का नाम – Mother India constuction Pvt.Ltd.
6. कार्य प्रारम्भ की तिथि – 21.07.2023
7. कार्य समाप्ति की तिथि – 20.10.2024 (कार्य अवधि 15 माह)
8. एकरारनामा की राशि – 3580.88108 लाख एवं पूरक एकरारनामा– 681.2374 लाख
9. पथ की प्रस्तावित चौड़ाई– 5.50 मी0
10. पथ में कराये जाने वाले कार्य का विवरण

**पथ कार्य –**

| मद | E/W | GSB | WMM | DBM | BC | DLC | PQC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य (कि0मी0) | 7.170 | 7.170 | 2.050 | 2.050 | 2.050 | 5.120 | 5.120 |
| प्रगति (कि0मी0) | 2.50 | 3.500 | 1.490 | ---- | ---- | 1.900 | 1.900 |

**पुल/ पुलिया कार्य –**

| मद | HL Bridge | Boxcell | HPC | Load Bearing Drain | Protection work | Paver Block |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य | 2 Nos. | 12 Nos. | 7 Nos. | 6500 m | 0.63 Km | 0.750 Km |
| प्रगति | 1 No. complete 1 No. Progress | 7 No. | ---- | 3400 m | 0.560 Km | ------- |

**(1) चेनेज 0+00 से 0+750 (मनेर बाजार भाग)**

निरीक्षण के क्रम में उक्त पथ में मनेर बाजार में 650 मी0 लंबाई में PQC कार्य किया हुआ पाया गया। इस पथांश के कुछ स्थानों में एक लेन में करीब 15 मी0 की लंबाई में PQC कार्य छुटा हुआ पाया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.12.2024 को स्थल निरीक्षण के दौरान दिनांक 15.01.2025 तक कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया था, परन्तु अभी तक अनुपालन नहीं किया गया।

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि Electrical Utility Shifting (Transformer) का कार्य पूर्ण कर नाला निर्माण के पश्चात् छुटे हुए PQC कार्य तथा नाला निर्माण को पूर्ण करा दिया जायेगा। संवेदक प्रतिनिधि को आवश्यक मानव बल तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए शीघ्र कार्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(2) चेनेज 0+750 से 2+100**

इस पथांश में GSB, WMM तथा मिट्टी का कार्य प्रगति में पाया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस पथांश में सात अदद संरचना का निर्माण किया जाना है तथा संरचनाओं के निर्माण की गति काफी धीमी है। इस पथांश में कराये गये WMM कार्य में वाहनों के आवागमन से Undulation की स्थिति पाई गई। पथ परत के बगल में Flank तथा Slope में मिट्टी कार्य भी पूरा नहीं किया हुआ पाया गया। इस पथांश में एक Box cell (1/22/0) का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस सप्ताह में Hume Pipe पुलिया का निर्माण करते हुए DGBM कार्य पूर्ण करने की योजना है। संवेदक प्रतिनिधि को आवश्यक मानव बल तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए शीघ्र कार्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(3) चेनेज 2+120**

पथ निरीक्षण के समय पथ के 3रे कि0मी0 में निर्माणाधीन HL Bridge 3x14.60m का कार्य पूर्ण पाया गया तथा LHS में RCC Retaining wall का कार्य प्रगति पर पाया गया। संवेदक प्रतिनिधि को उच्चस्तरीय पुल के अवशेष कार्य को पूरा करते हुए पुल से यातायात प्रारम्भ करने का निदेश दिया गया।

**(4) चेनेज 2+150 से 2+400**

उपरोक्त वर्णित पथांश में 200 मी0 लंबाई में Rigid Pavement तथा एक बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। इस पथांश के अवशेष भाग में नाला निर्माण करते हुए Rigid Pavement का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(5) चेनेज 2+400 से 3+100 (हाथीटोला)**

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस पथांश के लगभग 450 मी0 में WMM का कार्य पूरा करा लिया गया है तथा अगले सप्ताह में DGBM कार्य पूर्ण करने की योजना है। सहायक अभियंता तथा संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि प्रस्तावित आड़ीकाट के अनुरुप मिट्टी कार्य कराना भी सुनिश्चित करायें।

**(6) चेनेज 3+120**

पथ के 4थे कि0मी0 में निर्माणाधीन HL Bridge 3x14.60m के लिए एक Abutment तथा दो Piers के Piles का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा अवशेष Piles का कार्य प्रगति पर है। Abutment (A1) के लिए Pile Cap का कार्य प्रगति पर है।

कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि पुल निर्माण की सतत् निगरानी करते हुए समयबद्ध तरीके से आगामी बरसात के पूर्व HL Bridge 3x14.60m का निर्माण कार्य पूर्ण कराये ताकि आगामी बरसात में क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में बाधा उत्पन्न नहीं हो।

आगामी होली को ध्यान में रखते हुए संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि वाहनों के आवागमन हेतु बनाये गये अस्थाई Diversion को Maintain किया जाय तथा नियमित अंतराल पर जल का छिड़काव किया जाय।

**(7) चेनेज 3+200 से 4+000**

इस पथांश में दो अदद Box cell (1/22/0) का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि संरचनाओं का कार्य पूरा करते हुए स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरुप Rigid Pavement का निर्माण कार्य पूर्ण करायें।

**(8) कि0मी0 5 एवं 6**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.12.2024 को स्थल निरीक्षण के दौरान इस पथांश में CI / HDPE pipe Line बिछाने का कार्य जनवरी 2025 तक पूर्ण करायें तथा अवशेष पथ कार्य को फरवरी 2025 तक निश्चित रुप से पूर्ण करने का निदेश दिया गया था। परन्तु अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो खेदजनक है।

कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस पथांश में Electrical Utility Shifting का कार्य लगभग पूर्ण है। सतत् निगरानी के बावजूद PHED के लिए CI / HDPE pipe Line बिछाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं है। स्थानीय लोगों, जन प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के साथ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा भी पेयजल आपूर्ति कार्य को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि CI / HDPE pipe Line बिछाने के पश्चात् ही पथ के दूसरे लेन के लिए PQC कार्य कराना श्रेयष्कर है।

संवेदक प्रतिनिधि द्वारा इस पथांश में किये जाने वाले अवशेष कार्यो के संबंध में स्पष्ट कार्य योजना नहीं बताई गई। निरीक्षण के समय कार्य स्थल पर CI / HDPE pipe का आवश्यक मात्रा में भंडारण भी नहीं पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि संवेदक द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है।

इस पथांश के 6ठे कि0मी0 में 400 मी0 लंबे नये प्रस्तावित पथ, जो हल्दी छपरा गॉव से गंगा नदी के किनारे छठ घाट एवं श्मशान घाट तक जाती है, का निरीक्षण किया गया। इस पथांश में तीन Box cell (1/22/0- 1 No., 3/33/0- 2 Nos.) का निर्माण पूरा हो चुका है। इस पथबंध के सुरक्षा के लिए स्वीकृत Toe wall का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि इस पथांश में Rigid Pavement का प्रावधान है।

संवेदक प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि इस पथांश में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरुप पथ कार्य को निर्धारित समय अवधि में कार्य को पूर्ण करायें।

कार्यपालक अभियंता को विषयांकित कार्य की समय अवधि विस्तार हेतु संवेदक द्वारा समर्पित कार्य योजना से किये गये कार्य की विस्तृत तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

08/3/25

अधीक्षण अभियंता,
केन्द्रीय पथ अंचल,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

8/3/25

ज्ञापांक 612 दिनांक 08/03/25

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, प0नि0वि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

08/3/25

अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प0नि0वि0, पटना।

8/3/25

...निर्माण पथ प्रमंडल, प०नि०वि०, ...
...क्षण से संबंधित प्रतिवेदन।

ज्ञापांक 612 दिनांक 08/03/2025

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, प०नि०वि०, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

08/3/25
अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना।
8/3/25

ज्ञापांक 612 दिनांक 08/03/25

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), प०नि०वि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

08/3/25
अधीक्षण अभियंता
केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना।
8/3/25